collaborative research programmes in the field of science,

(iii) MOU between Tei Aviv University and Banaras Hindu University to promote collaboration in the field of philosophy

(d) and (e) The exchange of scholars is expected to result in sharing of experience for mutual benefit.

Reservation for Ex-Servicemen in recruitment in KVS

2533. SHRI SHIV CHARAN SINGH: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a)when Kendriya Vidyalaya Sangathan introduced reservation of seats in direct recruitment for Ex-servicemen;

(b)what was the need and sources thereof;

(c)whether this reservation is still in vogue; and

(d) if so, whether it is a part of 50% reservation limit or it is in addition thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (KUMARI SELJA): (a) to (d). Kendriya Vidyalaya Sangathan has intimated that since the promulgation of ex-servicemen (re-employment in Civil Services and posts) Rules, 1979, by Govt, of India, it follows these instructions for reservation in direct recruitment in group 'C and 'D' for Ex-servicemen. 50% limit on reservations in vacancies filled up in the year is applicable to all reservations put together.

केन्द्रीय विद्यालय के मामले

2534. श्री राघवजी:
श्री शिवचरण सिंह:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 25 से 27 जुलाई के 'नवभारत टाइम्स' (महानगर संस्करण दिल्ली) में प्रकाशित केन्द्रीय विद्यालयों की वास्तविक दशा को अनावरत करने वाली लेख-माला की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस दशा के लिए उत्तरदायी अधिकारीगण कौन हैं और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): (क) और (ख) 'नवभारत टाइम्स' ने 25, 26 और 27 जुलाई, 1994 को अपने समाचार पत्र में केन्द्रीय विद्यालय संगठन पर प्रकाशित लेखों में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के विभिन्न नीतिगत मामलों एवं प्रवेश, स्थानान्तरणों, प्रोन्नतियों और कल्याण, वेतनमानों और कर्मचारियों की नियुक्तियों इत्यादि से संबंधित उनके कार्यान्वयन पर टिप्पणी की है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन संस्था पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत स्वायत्तशासी संगठन है। इसका अपना स्वयं का शासी बोर्ड तथा सदस्यों की सामान्य सभा है जो कि समय-समय पर बैठकें करती है और इसकी नीति और कार्यक्रमों की समीक्षा करके उपयुक्त निर्णय लेते हैं। केन्द्रीय बोर्ड तथा सरकार, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कार्यक्रमों तथा मानकों के कार्यान्वयन के लिए सजग रहते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि संगठन में कोई बड़ी अस्थिरता उत्पन्न न हो।

राष्ट्र गीत

2535. चौधरी हरमोहन सिंह:
श्री ईश दत्त यादव:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय सरकार ने शैक्षिक संस्थाओं में राष्ट्रगीत ''जन गण मन'' और राष्ट्रगान ''वन्दे मातरम्'' के गायन हेतु राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को किस तारीख को परिपत्र जारी किए थे;

(ख) क्या इनके कार्यान्वयन के बारे में कोई निगरानी की जाती है;

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस आदेश का कार्यान्वयन न करने वाले राज्यों/संस्थानों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): (क) राष्ट्रगान के गायन के संबंध में सरकार अक्तूबर, 1991 में मुख्य मंत्रियों/उपराज्यपालों को अनुदेश जारी कर चुकी है। तथापि राष्ट्रगीत के गायन के संबंध में कोई भी अनुदेश जारी नहीं किया गया है।

(ख) और (ग) चूंकि स्कूली शिक्षा मुख्यत: राज्य